# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
# इंदौर

इंदौर, दिनांक — 15/01/2026

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

## पी. एस. सी. करेगा आयोग के इतिहास की सबसे बड़ी भर्ती।

### ( मेडिकल ऑफिसर के एक साथ भरे जाएंगे 1800 से अधिक पद )

म. प्र. लोक सेवा आयोग दिनांक 27/01/2026 से मेडिकल ऑफिसर के साक्षात्कार प्रारंभ करने जा रहा है। इसके माध्यम से 1832 पद भरे जाएंगे। आयोग इसे अप्रैल माह में पूर्ण कर लेगा। श्रेणीवार मेडिकल ऑफिसर के पद हैं — SC - 225, ST -642, OBC - 380, EWS - 201, UR - 384 । साक्षात्कार के लिए 3925 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया है। आयोग के इतिहास में एक साथ इतने पदों पर भर्ती पूर्व में कभी भी नहीं की गई है।

आयोग ने वर्ष 2025 में बड़ी संख्या में चिकित्सा विभाग की भर्ती प्रक्रिया संपन्न की हैं। जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ - 106 पद, स्त्री रोग विशेषज्ञ - 101 पद, अस्थि रोग विशेषज्ञ - 24 पद, नेत्र रोग विशेषज्ञ - 25 पद, पैथालॉजी विशेषज्ञ - 08 पद, क्षय विशेषज्ञ - 04 पद, मेडिकल विशेषज्ञ - 71 पद, ई.एन.टी. विशेषज्ञ - 17 पद, निश्चेतना विशेषज्ञ - 75 पद, शल्य क्रिया विशेषज्ञ - 62 पद, रेडियोलॉजी विशेषज्ञ - 07 पद, औषधि विश्लेषक - 05 पद, खाद्य विश्लेषक - 02 पद शामिल हैं।

आयोग द्वारा अस्पताल प्रबंधक के पदों की भर्ती की प्रक्रिया भी जारी है। जिसमें 68 पदों हेतु लिखित परीक्षा का परिणाम जारी किया जा चुका है तथा यथाशीघ्र साक्षात्कार भी संपन्न कर लिए जाएंगे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी के 67 पदों का लिखित परिणाम भी जल्द ही जारी किया जाएगा तथा साक्षात्कार आयोजन किया जाएगा।